जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा-2/2016/918 दिनांक 07/05/2016

// अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि एम.एड. प्रथम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2015 (सत्र 2015-16) में मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा प्रवेशित नियमित छात्रों के लिए परीक्षा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:-

1.	नियमित शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन-पत्र महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की तिथि	**10.05.2016**
2.	विलम्ब शुल्क ₹500/- के साथ आवेदन-पत्र महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की तिथि	**12.05.2016**
3.	विश्वविद्यालय कार्यालय में अग्रषित किए गए परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**14.05.2016**
4.	विलम्ब शुल्क ₹2000/- के साथ आवेदन-पत्र महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की तिथि	**परीक्षा प्रारंभ होने के 03 दिवस पूर्व तक**
5.	विलम्ब शुल्क ₹2000/- के परीक्षा आवदेन पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय में अग्रषित किए गए परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**परीक्षा प्रारंभ होने के 02 दिवस पूर्व तक**

विशेष नोट :-

समस्त सम्बद्ध शिक्षा महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि तक समस्त छात्रों के परीक्षा आवेदन-पत्र ऑनलाइन अपडेट करें, उक्त तिथि के उपरांत वेबसाइट को बन्द कर दिया जावेगा। यदि किसी भी छात्र का परीक्षा आवेदन-पत्र ऑनलाइन अपडेट करने से रह जाता है और ऐसे छात्र परीक्षा से वंचित होते हैं तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित छात्र/महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

परीक्षा आवेदन-पत्र भरने संबंधी विशेष दिशा-निदश :-

(1) एम.पी. ऑनलाइन भोपाल द्वारा प्रवेशित परीक्षार्थियों की प्राप्त सूची के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन-पत्र महाविद्यालय के लॉगिन में परीक्षार्थियों के नाम के साथ ऑनलाइन उपलब्ध करा दिए गये हैं, जहाँ से संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन-पत्र डाउनलोड कर परीक्षार्थियों से आवेदन-पत्र भरवायें। साथ ही परीक्षा आवेदन-पत्रों को वेबसाइट पर ऑनलाईन अपडेट करने के पश्चात् उसकी एक प्रति आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित विश्वविद्यालय कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करायें।

(2) **परीक्षा शुल्क का विवरण -**

परीक्षा	नियमित
एम.पी. एड. प्रथम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर, 2015 (सत्र 2015-16)	₹2000/-
इसके अतिरिक्त परीक्षा आवेदन-पत्र शुल्क ₹60/- नियमित परीक्षार्थी, एवं अग्रेषण शुल्क ₹50/- तथा परीक्षा संचालन शुल्क ₹100/- प्रति परीक्षार्थी शुल्क लिया जाना है, जिसमें से ₹110/- रुपये की राशि चालान फार्म में से कम कर दी गयी है, जिसका भुगतान महाविद्यालय द्वारा छात्रों से लिया जावेगा।	

(3) एम.पी.एड. प्रथम सेमेस्टर (सत्र् 2015-16) की परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन-पत्र ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं, जिन्हें एम.पी.ऑनलाईन की किसी भी कियोस्क से छात्र अपने नामांकन क्रमांक एवं जन्म दिनांक के माध्यम से महाविद्यालय द्वारा (Approved) करने के पश्चात् डाउनलोड कर शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से जमा करा सकते है।

(4) बी.एड. परीक्षा के आवेदन-पत्र विश्वविद्यालय द्वारा तभी स्वीकार किये जायेंगे, जब आवेदन-पत्रों के साथ आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा जारी छात्र का सीट आबंटन पत्र (Seat Allotment Letter) की प्रमाणित प्रति संबंधित अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अग्रेषित कराकर संलग्न करें।

(5) परीक्षा आवेदन-पत्र के साथ समस्त अर्हतादायक परीक्षा की अंकसूचियां अनिवार्य रूप से संलग्न करें। अंकसूचियों संलग्न न होने के अभाव में परीक्षा आवेदन-पत्र निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व छात्र एवं महाविद्यालय का होगा।

(6) किसी भी छात्र/छात्रा का परीक्षा आवेदन-पत्र उसी स्थिति में अग्रेषित करें, जब वह आंतरिक परीक्षा एवं शैक्षणिक शिक्षण परीक्षा में उत्तीर्ण हो तथा छात्र/छात्रा की नियमानुसार उपस्थिति पूर्ण हों वही छात्र/छात्रा आवेदित कक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखता हैं, पात्रता न रखने की स्थिति में छात्र/छात्रा का आवेदन-पत्र स्वतः निरस्त माना जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. श्रीमान् संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर इस निवदेन के साथ कि वे अपने लोकप्रिय समाचार में उक्त अधिसूचना को समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध शासकीय शिक्षा महाविद्यालय एवं अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर इस आशय के साथ निर्देशित कि कृपया उक्त अधिसूचना को अपने महाविद्यालय के सूचना-पटल पर छात्रों के सूचनार्थ चस्पा करायें और अधिसूचना में अंकित निर्धारित तिथि तक परीक्षा आवेदन-पत्रों को ऑनलाइन अपडेट कराकर विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करायें।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. इंचार्ज, पूछताछ कक्ष/सूचना पटल, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
8. इंटरनेट इंचार्ज, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)